भारत-ऑस्ट्रेलिया CECA वार्ता

[स्रोत: हिंदू]

ऑस्ट्रेलिया वर्ष 2025 के मध्य में होने वाले अपने संघीय चुनावों से पहले, अगले 6-7 महीनों में भारत के साथ **व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (Comprehensive Economic Cooperation Agreement- CECA)** को अंतिम रूप देने पर बल दे रहा है।

- CECA, **भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक व्यापक व्यापार समझौता** है।
  - यह पहले के **भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (India-Australia Economic Cooperation and Trade Agreement- ECTA)** से अधिक व्यापक है।
- **ECTA एक सीमित व्यापार समझौता है जो दिसंबर 2022 में लागू हुआ।**
- CECA वार्ता **मई 2011** में शुरू की गई थी, जिसे **वर्ष 2016 में निलंबित कर** दिया गया था और वर्ष 2021 में पुनः शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य वस्तुओं तथा सेवाओं में द्विपक्षीय व्यापार को उदार एवं गहन बनाने के लिये **CECA को शीघ्रता से संपन्न करना** व फिर **इसका उपयोग अधिक महत्त्वाकांक्षी CECA पर पुनः वार्ता शुरू करना** था।
- CECA का उद्देश्य 5 मुख्य ट्रैकों को कवर करना है, अर्थात् **वस्तु, सेवाएँ, डिजिटल व्यापार, सरकारी खरीद और उत्पत्ति के नियम/उत्पाद विशिष्ट नियम अनुसूची।**
  - रुचि के नए क्षेत्रों में **प्रतिस्पर्द्धा नीति, MSME, नवाचार, कृषि-तकनीक, महत्त्वपूर्ण खनिज** और खेल शामिल हैं।
- वर्ष 2023-24 में ऑस्ट्रेलिया से **भारत का आयात 15% घटकर** 16.15 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गया, जबकि **भारत का निर्यात 14.23%** बढ़कर 7.94 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। ऑस्ट्रेलिया भारत का 13वाँ सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य और भारत के लिये 14वाँ सबसे बड़ा आयात स्रोत है।

//

अधिक पढ़ें: [भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता]()